INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	**Department: Hindi**	**Class Work**
Question bank and Grammar	**Topic- (मस्ती की पाठशाला)**	**Note: Please complete your work.**

प्रश्नोत्तर

1. कानन वन के आस-पास के वनवासी हैरान क्यों थे ?

उत्तर = कानन वन में हँसी-ख़ुशी और धमाचौकड़ी का माहौल देखकर आस-पास के वनवासी हैरान थे |

2. मस्ती की पाठशाला डर की पाठशाला कैसे बन गई ?

उत्तर = परीक्षा का नाम सुनकर मस्ती की पाठशाला डर की पाठशाला बन गई |

3. परीक्षा में भालू ने पशु-पक्षियों को क्या-क्या करने को कहा ?

उत्तर = परीक्षा में भालू ने पशु-पक्षियों को कई कार्य करने को कहे; जैसे-दीवार और पेड़ पर चढ़ना, सौ तक गिनती पूरी होने से पहले मैदान के चार चक्कर लगाना तथा मैदान से बड़ा पत्थर हटाना आदि |

4. परीक्षा का परिणाम क्या हुआ ?

उत्तर = सभी पशु-पक्षियों ने परीक्षा का विरोध और बहिष्कार किया जिसका परिणाम यह निकला कि कानन वन का स्कूल बंद हो गया | अब कोई स्कूल नहीं जाता था | अब सब प्रकृति से सीखने लगे और अपने अनुभवों से सीखने लगे |

5. सबने परीक्षा का बहिष्कार क्यों किया ?

उत्तर = परीक्षा में गैर- बराबरी की भावना विकसित होने के कारण सबने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया |

6. कानन वन में खुलने वाले स्कूल का नाम क्या था?

उत्तर = कानन वन में खुलने वाले स्कूल का नाम मस्ती की पाठशाला था |

7. हाथी ने किस प्रकार से मैदान के किनारे पड़े पत्थर को हटाया?

उत्तर = हाथी मैदान में झूमता हुआ आया और उसने पत्थर को अपनी सूँड़ से धकेल दिया |

अभ्यास (*Exercises*)

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -----*

क. कहाँ पर हँसी- ख़ुशी व धमा-चौकड़ी का माहौल था ?

सुंदर वन में   नंदन वन में   कानन वन में   मधुवन में

ख. किसके डर से सभी हँसना-गाना भूल गए ?

शेर के   परीक्षा के   माता-पिता के   भालू के

ग. परीक्षा का बहिष्कार सबसे पहले किसने किया ?

मधुमक्खी ने   चूहे ने   बंदर ने   हाथी ने

Ans. = क. कानन वन में   ख. परीक्षा के   ग. मधुमक्खी ने

2. किसने कहा? किससे कहा ? (*Who said to whom?)*

	किसने कहा ?	किससे कहा ?
क. " एक साल हो गया है I अब तुम्हारी परीक्षा होगी |"	भालू ने	सभी पशु-पक्षियों से कहा
ख. "परीक्षा! यह क्या होती है ?"	मेंढ़क ने	भालू से कहा
ग. "परीक्षा यही मैदान में होगी |"	भालू ने	सभी पशु-पक्षियों से कहा
घ. "मैं इस परीक्षा का बहिष्कार करती हूँ |"	मधुमक्खी ने	भालू से कहा

3. सही (√) गलत (X) बताइए |

1. कानन वन में दुःख व उदासी का माहौल था | (X)
2. कानन वन में हँसी-ख़ुशी का माहौल देखकर आस-पास के वनवासी हैरान हो जाते थे | (√)
3. मस्ती की पाठशाला मुंबई में खुली | (X)
4. भालू मस्ती की पाठशाला का अध्यापक था | (√)
5. हाथी मस्ती की पाठशाला का प्रिंसिपल था | (X)
6. जंगल के सभी जानवर पाठशाला में ख़ुशी से जाते थे | (√)
7. भालू ने परीक्षा की घोषणा की | (√)
8. परीक्षा का नाम सुनकर सभी खुश हो गए | (X)

व्याकरण (Grammar)

1. लिंग बदलिए |

i) माता = पिता

ii) शेर = शेरनी

iii) अध्यापक = अध्यापिका

iv) राजा = रानी

v) दादा = दादी

vi) मोर = मोरनी

vii) पुत्र = पुत्री

viii) भाई = बहन

ix) चाचा = चाची

x) मुर्गा = मुर्गी

2. संज्ञा शब्द रेखांकित कीजिए | (उत्तर)

i. राधा एक सुंदर लड़की है।	राधा, लड़की
ii. मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है।	मोर, भारत, पक्षी
iii. मेरे छोटे भाई का नाम आर्यन है |	भाई , आर्यन
iv. राघव पुस्तक पढ़ रहा है |	राघव, पुस्तक
v. बुर्ज खलीफ़ा एक बड़ी इमारत है |	बुर्ज खलीफ़ा, इमारत

vi. ताजमहल की सुंदरता देखते ही बनती है |	ताजमहल, सुंदरता
vii. अध्यापक कुर्सी पर बैठे हैं |	अध्यापक, कुर्सी
viii. आज बहुत गरमी हैं |	गरमी

3. विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए |	(उत्तर)
i. वह किसान परिश्रमी और ईमानदार हैं।	परिश्रमी, ईमानदार
ii. बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं |	रंग-बिरंगे
iii. सीता दो किलोमीटर पैदल चली।	दो किलोमीटर
iv. मेरी कक्षा में पचास विद्यार्थी हैं |	पचास
v. राधा ने लाल चूड़ियाँ पहनी हैं।	लाल
vi. नेहा बहुत मेहनती लड़की है।	मेहनती
vii. शीतल के बाल लंबे और मुलायम हैं।	लंबे, मुलायम
viii. बदलू मुझे सुंदर-सुंदर चूड़ियाँ बनाकर देता था।	सुंदर-सुंदर

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺